Regarding need to provide stoppage of various trains at Kheta Sarai Railway Station in Jaunpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh-Laid

श्री बाबू सिंह कुशवाहा (जौनपुर) **:** मेरा संसदीय क्षेत्र जौनपुर है । यह विकास की बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में अभी भी पिछड़ा हुआ है । लोगों को अपनी जीविका चलाने के लिए दिल्ली-मुम्बई जैसे बड़े शहरों में जाना पड़ता है । गाड़ियों के ठहराव के अभाव में कई किमी0 दूर दूसरे स्टेशनों पर जाकर ट्रेन पकड़नी पड़ती है । जनता वर्षों से खेतासराय रेलवे स्टेशन पर गाड़ियों के ठहराव की माँग करती चली आ रही है । किन्तु सरकार का इस विषय पर कोई ध्यान नहीं है । जनता की परेशानियों को देखते हुए सरकार से माँग है कि जौनपुर के अन्तर्गत खेतासराय रेलवे स्टेशन पर दून एक्सप्रेस 13009 फरक्का एक्सप्रेस 13483-84 मेमो एक्सप्रेस 04217-18 गोदान एक्सप्रेस 11055-56 छपरा एक्सप्रेस 11059-60 आदि गाड़ियों का ठहराव किया जाय । और मुगलसराय से फैजाबाद 54109-10 वाराणसी से बालामऊ 54333-34 पैसेन्जर ट्रेन जो लगभग 8-10 वर्षों से बन्द पड़ी हुई है, इसका भी संचालन किया जाए, जिससे यात्रियों की यात्रा सुगम हो ।